प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (मार्च 2024-25)

CLASS : Xth(Secondary) **Code NO.001**

Series : Sec/Annual -2025

रोल न. | | | | | | | | | | |

SAT - A

हिन्दी

(Academic / Open)

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

समय : 3 घंटे] **[पूर्णांक : 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा 14 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

सामान्य निर्देश:

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

collegedunia India's largest Student Review Platform

खंड - क

प्रश्न 1 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तरपुस्तिका मे लिखिए। **1x7=7अंक**

(क) राजपुरूष में समास का भेद बताइए

i) अवययी समास
ii) द्विगु समास
iii) तत्पुरुष समास
iv) कर्मधारय समास

(ख) विद्यालय में (सन्धि का भेद बताइए)

i) वृद्धि संधि
ii) दीर्घ संधि
iii) यण संधि
iv) अयादि संधि

(ग) पर्यायवाची शब्द बताइए: रात्रि

i) रात
ii) अवसान
iii) दिवस
iv) भोर

(घ) विलोम शब्द छांटिये: कोमल

i) मृदुल
ii) कठोर
iii) कड़वा
iv) पुराना

(ङ) उपसर्ग बताइए: अत्यधिक

i) अती
ii) अति
iii) धिक
iv) इक

(च) प्रत्यय बताइए: सामाजिक

i) समाज
ii) सामाज
iii) इक
iv) ईक

(छ) मुहावरे का अर्थ बताइए : कलम तोड़ना

i) बहुत सुंदर लिखना
ii) साफ दिखाई देना
iii) पैन टूट जाना
iv) मुसीबत आना

collegedunia India's largest Student Review Platform

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए। **2*4=8 अंक**

(क) उत्प्रेक्षाअलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। **2 अंक**

(ख) दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **2 अंक**

(ग) विकारी शब्द किसे कहते हैं उदाहरण सहित लिखिए। **2 अंक**

(घ) शब्द व पद में अंतर बताइए। **2 अंक**

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : **5 अंक**

क) विज्ञान वरदान या अभिशाप

ख) चन्द्रयान 3 : सफल परीक्षण

ग) राष्ट्रभाषा हिन्दी

घ) व्यायाम का महत्व

ङ) स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

प्रश्न 4. जुर्माना माफ़ी हेतु मुख्याध्यापक को पत्र लिखें। **5 अंक**

अथवा

जन्मदिन की शुभकामना के लिए छोटे भाई को पत्र लिखें।

खंड - ख

प्रश्न 5 क्षितिज (काव्य खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **1x 6=6 अंक**

(क) सूरदास के आराध्य देव कौन हैं ?

i) राम

ii) श्री कृष्ण

iii) शिव

iv) ब्रह्मा

(ख) 'राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद' काव्यांश रामचरितमानस के कौन से कांड से लिया गया है ?

i) बालकांड

ii) अयोध्याकांड

iii) सुंदरकांड

iv) उत्तरकांड

(ग) कवि ने अपनी आत्मकथा को कैसा बताया ?

i) महान

ii) भोली

iii) चंचल

iv) गौरवशाली

(घ) उत्साह कविता में निदाध का क्या अर्थ है ?

i) सरदी

ii) गरमी

iii) वर्षा

iv) सावन

collegedunia
India's largest Student Review Platform

(ङ) सरगम का क्या अर्थ है ?

i) स्वर बोध
ii) ज्ञान
iii) सरवर
iv) सरोकार

(च) किसके प्राणों का स्पर्श पाकर कठिन पाषाण पिंघल गया होगा ?

i) कवि के
ii) माता के
iii) बच्चे के
iv) पिता के

प्रश्न 6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **1x 5=5 अंक**

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग संदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही ॥

i. प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।
ii. इस पद का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।
iii. गोपियों का धैर्य क्यों समाप्त हो रहा था ?
iv. अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।
v. "गुहारि" का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 7 निम्नलिखित काव्यांश का भाव व काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-

सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आपु।
विद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहिं प्रतापु॥

प्रश्न 8. (क) उत्साह कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। **3+3= 6 अंक**

(ख) उद्धव द्वारा दिए गए संदेश ने गोपियों की विरह अग्नि में घी का काम कैसे किया ?

खण्ड-ग

प्रश्न 9 क्षितिज (गद्य -खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित उत्तर पुस्तिका में लिखिए। **1x 6= अंक**

(क) हालदार साहब किसकी देशभक्ति के सामने नतमस्तक थे ?

i) पानवाले
ii) कैप्टन
iii) ड्राइवर
iv) मोतीलाल

collegedunia India's largest Student Review Platform

(ख) बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब तक चलती थीं?

i) कार्तिक
ii) आषाढ़
iii) अश्विन
iv) फागुन

(ग) बाल गोबिन भगत कैसे कद के व्यक्ति थे?

i) लंबे
ii) मझौले
iii) सामान्य
iv) इनमें से कोई नहीं

(घ) मन्नू भंडारी का परिवार अजमेर के कौन से मोहल्ले में रहता था ?

i) मायापुरी
ii) प्रेम नगर
iii) ब्रह्मपुरी
iv) भानपुरा

(ङ) नरकट नमक घास डुमरा गांव में किस नदी के पास पाई जाती है?

i) गंगा
ii) नर्मदा
iii) सोन
iv) यमुना

(च) संसार में मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न किसने देखा?

i) लेनिन
ii) मार्क्स
iii) सिद्धार्थ
iv) गांधी

प्रश्न 10 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x 5=5 अंक

ठाली बैठे, कल्पना करते रहने की पुरानी आदत है। नवाब साहब की असुविधा और संकोच के कारण का अनुमान करने लगे। संभव है, नवाब साहब ने बिल्कुल अकेले यात्रा कर सकने के अनुमान में किफायत के विचार से सेकंड क्लास का टिकट खरीद लिया हो और अब गवारा न हो कि शहर का कोई सफेदपोश उन्हें मंझले दर्जे में सफर करता देखे ।... अकेले सफर का बक्त काटने के लिए ही खीरे खरीदे होंगे और अब किसी सफेदपोश के सामने खीरा कैसे खाएँ?

(क) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।
(ख) लेखक की पुरानी आदत क्या और क्यों है?
(ग) लेखक ने नवाब के बारे में क्या सोचा?
(घ) लेखक नवाबों के विषय में किस धारणा से ग्रस्त है?
(ङ) नवाब साहब खीरे क्यों नहीं खा रहे थे?

collegedunia
India's largest Student Review Platform

प्रश्न 11 यशपाल अथवा मन्नू भंडारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। 5 अंक

प्रश्न 12 (क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर पानवाले का रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए। 2+2=4 अंक

(ख) पाठ में आए किन प्रसंगों के आधार पर आप कह सकते हैं कि बिस्मिल्ला खाँ वास्तविक अर्थों में एक सच्चे इंसान थे?

खंड - घ

प्रश्न 13 कृतिका भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 3+2+2=7 अंक

(क) माता का आंचल पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। **3 अंक**

अथवा

"साना साना हाथ जोड़ि" यात्रा वृतांत में लेखिका ने हिमालय के जिन-जिन रूपों का चित्र खींचा है उन्हें अपने शब्दों में लिखिए। **3 अंक**

(ख) झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था? **2 अंक**

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' शीर्षक पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **2 अंक**

खण्ड- ङ

प्रश्न 14 आदर्श जीवन मूल्य माध्यम के आधार पर निम्नलिखित मेसे किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। 2x 4=8 अंक

(क) विद्यार्थी जीवन में आप ईश्वर को प्रसन्न कर सकते हैं?

(ख) मनुष्य की श्रेष्ठता कैसे आंकी जाती है सफलता के सूत्र पाठ के आधार पर बताइए।

(ग) आकाश गुप्ता को स्टील कंपनी में किस प्रकार की समस्या थी?

(घ) एकलव्य की कौन सी विशेषताएं आपको अच्छी लगी और क्यों?

(ङ) कोलकाता में प्लेग की महामारी फैलने पर निवेदिता ने सेवा कार्यों में क्या योगदान दिया?

----------X----------

collegedunia
India's largest Student Review Platform